यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

**केन्द्रीय कार्यालय:** यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021.
**Central Office:** Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021.

# असाधारण सामान्य बैठक की सूचना
# Notice for Extraordinary General Meeting

**दिनांक : शुक्रवार, 16 मार्च, 2018 समय : पूर्वाह्न 11.00 बजे**
**Date: Friday, 16th March, 2018 Time: 11.00 A.M.**

**स्थान :**

**वाय. बी. चव्हाण, सभागार,**
जनरल जगन्नाथ भोसले मार्ग,
मंत्रालय के सामने, नरीमन पॉइंट,
मुंबई, महाराष्ट्र - 400 021.

**Venue :**

**Y. B. Chavan Auditorium,**
General Jagannath Bhosale Marg,
Opp. Mantralaya, Nariman Point,
Mumbai, Maharashtra – 400 021

# विषय सूची

पृष्ठ क्रमांक

सूचना ........ 1

नोट्स ........ 2

व्याख्यात्मक विवरण ........ 6

हरित पहल - शेअर धारकों से अपील ........ 17

डिमैट के लाभ ........ 18

परोक्षी फार्म ........ 19

उपस्थिति पर्ची तथा प्रवेश पत्र ........ 21

# CONTENTS

Page No.

Notice ........ 9

Notes ........ 10

Explanatory Statement ........ 14

Green Initiative - Appeal to Shareholders ........ 17

Benefits of Demat ........ 18

Proxy Form ........ 20

Attendance Slip & Entry Pass ........ 21

# सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की **असाधारण सामान्य बैठक शुक्रवार, दिनांक 16 मार्च, 2018 को पूर्वाह्न 11.00 बजे, वाय. बी. चव्हाण सभागार, जनरल जगन्नाथ भोसले मार्ग, मंत्रालय के सामने, नरीमन पॉइंट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400 021** में निम्नलिखित कारोबार हेतु आयोजित की जाएगीः

**भारत सरकार (जीओआई) को अधिमानी आबंटन के माध्यम से ₹ 4524 करोड़ तक इक्विटी शेयरों का जारी किया जाना.**

विचारार्थ और उचित पाए जाने पर, विशेष संकल्प के रूप में आशोधनों के साथ या बिना किसी आशोधन के निम्नलिखित संकल्प पारित करने के लिए :

''संकल्प किया जाता है कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (अधिनियम) और समय - समय पर यथा संशोधित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 (विनियम) तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारत सरकार (जीओआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), और/या अन्य किसी प्राधिकारी द्वारा, जो इस विषय में अपेक्षित हो, की अनुमति, सहमति, स्वीकृति, यदि कोई हो, के अद्यधीन और ऐसे निबंधनों, शर्तों एवं आशोधनों के अद्यधीन, जो इस अनुमोदन के संबंध में उनके द्वारा निर्धारित किया गया हो तथा बैंक के निदेशक मंडल द्वारा जिसकी सहमति दी गयी हो और सेबी (पूंजी का निर्गम एवं प्रकटन आवश्यकता) विनियम 2009 (सेबी आईसीडीआर विनियमन) और भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य सभी संबंधित प्राधिकारियों द्वारा समय - समय पर निर्धारित विनियमन तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 (लिस्टिंग विनियमन) के अद्यधीन बैंक के निदेशक मंडल (इसके बाद जिसे ''बोर्ड'' कहा जाएगा, जिसमें कोई समिति, जो इस संकल्प द्वारा प्रदत्त अधिकारों सहित अपने अधिकारों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड द्वारा गठित की गयी हो / गठित की जाए, भी सम्मिलित मानी जाएगी) को एतद्वारा बैंक के शेयरधारकों द्वारा सेबी आईसीडीआर विनियमावली के विनियम 76(1) के अद्यधीन ₹10/- **(रुपए दस मात्र) मूल्य के 31,28,19,803 (इकतीस करोड़ अठाईस लाख उन्नीस हजार आठ सौ तीन), इक्विटी शेयर ₹ 134.62 (एक सौ चौंतीस एवं पैसे बासठ मात्र) प्रति शेयर के प्रीमियम के साथ ₹ 144.62 (रुपये एक सौ चवालीस एवं पैसे बासठ मात्र) प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर सृजित, प्रस्तावित, निर्गमित करने तथा अधिमान आधार पर भारत सरकार को कुल ₹ 4,524 करोड़ (रुपये चार हजार पाँच सौ चौबीस करोड़ मात्र)** के प्रतिफल के लिए आबंटित करने की अनुमति प्रदत्त है और प्रदान की जाती है.

यह भी संकल्प किया जाता है कि अधिमानी निर्गम मूल्य के निर्धारण की **संबंधित तिथि**, सेबी आईसीडीआर विनियमन के अनुसार उक्त उल्लिखित इक्विटी शेयरों के निर्गम हेतु न्यूनतम मूल्य के निर्धारण के लिए संबंधित तिथि **बुधवार, 14 फरवरी, 2018** होगी.

यह भी संकल्प किया जाता है कि भारत सरकार/ भारतीय रिजर्व बैंक / भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड / स्टॉक एक्स्चेंज बोर्ड, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या किसी अन्य समुचित प्राधिकारी द्वारा उनके निर्गम, आबंटन एवं सूचीकरण के समय अनुमोदन, स्वीकृति, सहमति या मंजूरी प्रदान करने के समय प्रस्ताव में अधिरोपित या अपेक्षित और बोर्ड द्वारा सहमत किसी आशोधन को स्वीकार करने का अधिकार एवं शक्ति बोर्ड के पास होगी.

यह भी संकल्प किया जाता है कि निर्गमित होने वाले ये इक्विटी शेयर बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयरों के समान होंगे तथा लाभांश जारी करने के समय लागू सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुसार कोई लाभांश, यदि घोषित किया जाता है, तो उसके लिए पात्र होंगे.

यह भी संकल्प किया जाता है कि इस प्रस्ताव को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से बोर्ड वे सभी कार्य, कृत्य करने तथा विषय एवं मामले निपटाने, जो उसके सम्पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार आवश्यक, उचित एवं अपेक्षित हैं तथा इक्विटी शेयरों के निर्गमन के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, समस्या या संदेह के समाधान हेतु अधिकृत है तथा आगे उसे वे सभी कार्य व कृत्य करने तथा विषय एवं मामले निपटाने, सभी दस्तावेज़ों एवं लेखन कार्यों को अंतिम रूप देने एवं निष्पादित करने, जो उसके सम्पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार आवश्यक, अपेक्षित या समीचीन हों तथा शेयरधारकों की आगे किसी स्वीकृति या सहमति प्राप्त किए बिना जिसे करना उचित या अपेक्षित हो, के लिए अधिकृत है या इस प्रस्ताव के अधिकार के तहत शेयरधारकों को सहमति प्राप्त हुआ माना जाएगा.

यह भी संकल्प किया जाता है कि बोर्ड इसके द्वारा प्रदत्त सभी या किसी भी अधिकार को बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी या किसी भी कार्यपालक निदेशक या ऐसे किसी अधिकारी को, जो उक्त प्रस्ताव को लागू करने के लिए उपयुक्त हो, को प्रत्यायोजित करने हेतु अधिकृत है तथा एतद्वारा अधिकृत किया जाता है.''

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार

स्थान : मुंबई
दिनांक : 14 फरवरी, 2018

(राजकिरण राय जी.)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

## नोट्स :

**1. व्याख्यात्मक विवरण**

बैठक के कार्यकलापों के संबंध में सारवान तथ्य सूचित करने वाला व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है.

**2. परोक्षी की नियुक्ति**

बैठक में भाग लेने तथा वोट देने के हकदार शेयरधारक अपने स्थान पर भाग लेने तथा वोट देने हेतु परोक्षी (बैंक के अधिकारी अथवा कर्मचारी को छोड़कर) नियुक्त कर सकते हैं और यह आवश्यक नहीं है कि ऐसा परोक्षी बैंक का शेयरधारक हो. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम 1998 के विनियम 70(vi) के अनुसार परोक्षी प्रपत्र प्रदान करने वाला व्यक्ति उस बैठक में, जिससे संबंधित प्रपत्र है, व्यक्तिगत रूप से वोट देने का हकदार नहीं होगा. इस नोटिस के अनुलग्नक फार्म ''बी'' के अलावा परोक्षी का अन्य कोई भी प्रपत्र वैध नहीं होगा.

परोक्षी फार्म को प्रभावी बनाने के लिए बैंक के केंद्रीय कार्यालय में **कंपनी सचिव को संबोधित, निवेशक सेवायें प्रभाग, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021** के पते पर बैठक की तिथि से कम से कम **चार दिन** पूर्व अर्थात **शुक्रवार, 09 मार्च, 2018 को शाम 5 बजे तक या उससे पूर्व** मुख्तारनामा अथवा अन्य अधिकार पत्र, यदि कोई है, तो उसके साथ, जिसके अंतर्गत यह हस्ताक्षरित है अथवा उस मुख्तारनामा की प्रति अथवा अन्य अधिकार पत्र, जिसे पब्लिक नोटरी अथवा मजिस्ट्रेट द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित किया गया हो, जब तक कि इस प्रकार के मुख्तारनामा अथवा अन्य अधिकार पत्र को बैंक के पास पूर्व में ही जमा और पंजीकृत न किया गया हो, अवश्य प्राप्त होना चाहिए.

**3. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

किसी कंपनी या किसी निकाय, निगम, जो बैंक के शेयरधारक हैं, के विधिवत्त प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत्त प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने के संकल्प की उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया हो, बैंक के केंद्रीय कार्यालय में उक्त पते पर बैठक की तिथि से **कम से कम चार दिन पूर्व** अर्थात **शुक्रवार, 09 मार्च, 2018 को शाम 5 बजे तक या उससे पूर्व** जमा न करा दिया गया हो.

**4. उपस्थिति पर्ची - सह - प्रवेश पत्र**

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची - सह - प्रवेश पत्र इस नोटिस के साथ भेजा गया है. शेयरधारकों / परोक्षियों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपस्थिति पर्ची भरें और दी गयी जगह पर हस्ताक्षर करें और उसे बैठक के स्थान पर सुपुर्द करें. परोक्षी या प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थिति पर्ची - सह - प्रवेश पत्र पर ''परोक्षी'' अथवा ''प्राधिकृत प्रतिनिधि'' जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख किया जाए.

**5. कट ऑफ तारीख**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 यथा संशोधित के क्रम में शेयरधारकों को वोटिंग अधिकार की तिथि **शुक्रवार, 09 मार्च, 2018** मानी जाएगी.

**6. ई - वोटिंग**

I. कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) संशोधन नियम 2015 द्वारा संशोधित, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 के साथ पठित लिस्टिंग विनयमन के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुपालन में बैंक को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) में विचारार्थ प्रस्तुत संकल्पों पर इलेक्ट्रोनिक माध्यम से वोट देने और ई-वोटिंग सेवाओं के द्वारा कार्रवाई की सुविधा प्रदान की गयी है. असाधारण सामान्य बैठक में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग के माध्यम से तथा ईजीएम के अलावा अन्य स्थान से (''रिमोट ई-वोटिंग'') की सुविधा **नैशनल सेक्यूरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड (NSDL)** द्वारा प्रदान की जा रही है.

II. वोटिंग की सुविधा असाधारण सामान्य बैठक स्थल में भी रहेगी और इस बैठक में उपस्थित वे शेयरधारक ई - वोटिंग द्वारा अपने वोटिंग अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे, जिन्होंने रिमोट ई -वोटिंग के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

III. जिन शेयरधारकों ने असाधारण सामान्य बैठक से पहले रिमोट ई -वोटिंग के द्वारा अपना वोट दे दिया है, वे भी इस असाधारण सामान्य बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु वे दुबारा वोट नहीं दे सकेंगे.

IV. रिमोट ई - वोटिंग की अवधि **मंगलवार दिनांक 13 मार्च, 2018 को सुबह 9.00 बजे प्रारंभ होकर गुरूवार, 15 मार्च, 2018 को शाम 5.00 बजे तक रहेगी.** बैंक के शेयरधारक इस अवधि के दौरान, जो निर्धारित तारीख शुक्रवार, 09 मार्च, 2018 को फिजिकल या डी - मैटरियलाइज्ड फार्म में शेयर धारण करते हों, रिमोट ई - वोटिंग के द्वारा वोट कर सकते हैं. इस अवधि के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई - वोटिंग को बंद कर दिया जाएगा. शेयरधारकों द्वारा एक बार प्रस्ताव पर वोट करने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

V. रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और तरीका निम्नानुसार हैः

**चरण 1ः एनएसडीएल के ई-वोटिंग सिस्टम https://evoting.nsdl.com/ पर लॉग-इन करें.**

1. पर्सनल कंप्यूटर या मोबाइल फोन पर एनएसडीएल की वैबसाइट खोलें और निम्न यूआरएल टाइप करेंः https://www.evoting.nsdl.com/
2. ई-वोटिंग प्रणाली का होम पेज खुलने के बाद, "Login" आइकॉन पर क्लिक करें, जो 'Shareholders' अनुभाग में उपलब्ध है.
3. एक नया स्क्रीन खुलेगा. आपको अपना यूजर आईडी, पासवर्ड तथा स्क्रीन पर प्रदर्शित वेरिफिकेशन कोड एंटर करना होगा.

   अन्यथाः यदि आप एनएसडीएल की ई-सेवाओं अर्थात IDEAS के लिए पंजीकृत हैं, तो आप अपने विद्यमान IDEAS लॉग-इन से https://eservices.nsdl.com/ को लॉग-इन कर सकते हैं. एक बार अपने लॉग-इन का प्रयोग कर एनएसडीएल की ई-सेवाओं को लॉग-इन करने के बाद, ई-वोटिंग पर क्लिक करें और द्वितीय चरण अर्थात Cast your vote electronically में जाएँ.
4. आपके यूजर आईडी ब्यौरे निम्नानुसार हैंः

| शेयर धारिता अर्थात डीमेट या भौतिक रूप में | आपका यूजर आईडी निम्नानुसार है |
|---|---|
| ए) एनएसडीएल के साथ डीमेट खाते में शेयर रखने वाले शेयर धारक | 8 करेक्टर डीपी आईडी के बाद 8 अंकों को क्लाइंट आईडी अर्थात यदि आपकी डीपी आईडी IN300*** और क्लाइंट आईडी 12****** है तो आपका यूजर आईडी होगाः IN300***12******. |
| बी) सीडीएसएल के साथ डीमेट खाते में शेयर रखने वाले शेयर धारक | 16 अंकों की लाभार्थी आईडी, उदाहरण के लिए आपकी लाभार्थी आईडी 12************** है तो आपकी यूजर आईडी होगीः 12************** होगी. |
| सी) भौतिक रूप्र (अर्थात शेयर प्रमाणपत्र) में शेयर रखने वाले शेयर धारक | EVEN नंबर के बाद बैंक में पंजीकृत फोलियो नंबर.<br>उदाहरण के लिएः यदि फोलियो नंबर 001*** है और ईवन नंबर 108196 है तो यूजर आईडी होगा-108196001***. |

5. आपका पासवर्ड ब्यौरा निम्नानुसार हैः

   ए) यदि आप ई-वोटिंग के लिए पहले से पंजीकृत हैं, तो अपना वोट देने हेतु अपना विद्यमान पासवर्ड और लॉग-इन का प्रयोग कर सकते हैं.

   बी) यदि आप एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली का प्रयोग पहली बार कर रहे हैं, तो आपको "प्रारम्भिक पासवर्ड" रिट्रीव करना होगा, जो आपको सूचित किया गया है. आपका "प्रारम्भिक पासवर्ड" एक बार रिट्रीव होने के बाद, आपको अपना "प्रारम्भिक पासवर्ड" एंटर करना होगा और सिस्टम आपको पासवर्ड बदलने के लिए बाध्य करेगा.

सी) "प्रारम्भिक पासवर्ड" कैसे रिट्रीव करें ?

i) यदि आपका ई-मेल आईडी बैंक या डीमेट खाते में पंजीकृत है, तो "प्रारम्भिक पासवर्ड" आपके ई-मेल पर सूचित किया गया है. अपने मेल-बॉक्स में एनएसडीएल द्वारा प्रेषित ई-मेल खोलकर उसमें संलग्न ".pdf" फ़ाइल खोलें. एनएसडीएल खाते की दशा में, पीडीएफ़ फ़ाइल खोलने का पासवर्ड आपका 8 अंकीय आईडी तथा सीडीएसएल खाते की दशा में, लाभार्थी आईडी के अंतिम 8 अंक या भौतिक रूप में शेयरों के लिए फोलियो नंबर होगा. इस .pdf फ़ाइल में यूजर आईडी और प्रारम्भिक पासवर्ड है.

ii) यदि आपका ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं है, तो आपका प्रारम्भिक पासवर्ड आपके डाक पते पर प्रेषित किया गया है.

6. यदि आप अपना "प्रारम्भिक पासवर्ड" रिट्रीव नहीं कर पा रहे हैं या आपको अपना पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है या आप अपना पासवर्ड भूल गए हैं:

   ए) यदि एनएसडीएल या सीडीएसएल के डीमेट खाते में शेयर रखे गए हैं, तो www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" पर क्लिक करें.

   बी) यदि आपके पास शेयर भौतिक रूप में हैं, तो www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "Physical User Reset/Password" पर क्लिक करें.

   सी) यदि उपर्युक्त दो विकल्पों के द्वारा भी आपको पासवर्ड नहीं मिला है, तो अपना डीमेट खाता संख्या/फोलियो नंबर, अपने पैन, अपने नाम और पंजीकृत पते का उल्लेख करते हुए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं.

7. अपना पासवर्ड डालने के बाद चेक बॉक्स सेलेक्ट करते हुए "Terms and Conditions" पर सहमति को क्लिक करें.

8. अब "लॉग-इन" बटन पर क्लिक करें.

9. "लॉग-इन" बटन पर क्लिक करने के बाद ई-वोटिंग का होम पेज खुलेगा.

**चरण 2: एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली पर अपना वोट एलेक्ट्रोनिक रूप से दें.**

1. चरण 1 के सफल लॉग-इन पर आपको ई-वोटिंग का होमपेज दिखाई देगा. ई-वोटिंग पर क्लिक करें. उसके बाद, Active Voting Cycles पर क्लिक करें.

2. Active Voting Cycles पर क्लिक के उपरांत, आपको उन सभी कंपनियों का "EVEN" दिखेगा, जिनके शेयर आपके पास हैं और सक्रिय स्थिति में हैं.

3. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के "EVEN" का चयन करें - 108196.

4. अब वोटिंग पेज खुल गया है और आप ई-वोटिंग कर सकते हैं.

5. सही विकल्प अर्थात assent या dissent, शेयरों की संख्या जिनके लिए आप वोट करना चाहते हैं, उनकी जांच कर लें तथा "Submit" और "Confirm" पर क्लिक करें.

6. पुष्टि के उपरांत, "Vote cast successfully" दिखेगा.

7. पुष्टीकरण पेज पर प्रिंट-आउट विकल्प पर क्लिक करते हुए, आप दिये गए वोट का प्रिंट-आउट भी प्राप्त कर सकते हैं.

8. संकल्प पर वोट की एक बार पुष्टि के उपरांत, वोट में संशोधन की अनुमति नहीं होगी.

VI. किसी प्रकार की शंका होने की स्थिति में www.evoting.nsdl.com में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) और डाउनलोड सेक्शन में शेयरधारकों के लिए उपलब्ध रिमोट ई-वोटिंग मैनुअल का उल्लेख लिया जा सकता है या टोलफ्री नं.:1800-222-990 पर संपर्क किया जा सकता है.

VII. कोई भी व्यक्ति जो बैंक द्वारा नोटिस प्रेषण के उपरांत शेयर प्राप्त करता है तथा जिसके पास कट-ऑफ तारीख अर्थात शुक्रवार, 9 मार्च 2018 को शेयर हैं, निम्नांकित ई-मेल पर अनुरोध कर लॉग-इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता हैं.

evoting@nsdl.co.in या investorservices@unionbankofindia.com या ubiinvestors@datamaticsbpm.com.

यदि आप पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पंजीकृत हों, तो अपना वोट देने के लिए विद्यमान यूजर आईडी और पासवर्ड/पिन का उपयोग कर सकते हैं. यदि आप अपना पासवर्ड भूल गए हैं, तो www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध विकल्प "Forgot User Details/Password" का प्रयोग कर अपना पासवर्ड रीसेट कर सकते हैं या एनएसडीएल के टोल-फ्री नंबर 1800-222-990 पर संपर्क कर सकते हैं.

viii. जिस व्यक्ति का नाम कट ऑफ तारीख को, शेयरधारक के रजिस्टर या डिपोजिटरिस द्वारा रखे गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई - वोटिंग एवं असाधारण सामान्य बैठक में वोटिंग के लिए पात्र होगा.

Ix. वोटिंग की जांच करने और रिमोट ई - वोटिंग की प्रक्रिया को निषपक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए कंपनी सचिव मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रह्मणियन एण्ड कंपनी (SNACO) को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है.

X. अध्यक्ष, असाधारण सामान्य बैठक में संकल्पों पर चर्चा के अंत में उन्हीं शेयरधारकों को वोटिंग की अनुमति प्रदान करेंगे, जो इस बैठक में उपस्थित हों, लेकिन उन्होंने रिमोट ई - वोटिंग की सुविधा के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

XI. जांचकर्ता द्वारा वार्षिक सामान्य बैठक में वोटिंग समाप्त होने के बाद परंतु असाधारण सामान्य बैठक की समाप्ति के 48 घंटों के अंदर पक्ष और विपक्ष में पड़े वोटों की समेकित रिपोर्ट बनाकर अध्यक्ष को प्रस्तुत की जाएगी.

XII. अध्यक्ष या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा लिखित रूप से परिणामों की घोषणा होने के तुरंत बाद, जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ घोषित परिणामों को बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर रखा जाएगा. ये परिणाम तुरंत स्टॉक एक्स्चेंज और एनएसडीएल को भेजे जाएंगे.

**भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम एवं प्रकटन आवश्यकता) विनियम, 2009 के अधीन अपेक्षित व्याख्यात्मक विवरण एवं प्रकटन**

**ए) अधिमानी निर्गम के उद्देश्य**

बासेल III मानदंडों के अनुरूप बैंक की पूंजीगत स्थिति के स्तर को और सुदृढ़ करने की दृष्टि से बैंक, भारत सरकार को अधिमानित आधार पर इक्विटी शेयरों के आबंटन के जरिए पूंजीगत निधि जुटाना चाहता है जिसके लिए वे अपने शेयरधारकों से अनुमति चाहते हैं.

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांक 24.01.2018 के जरिये सूचित किया है कि चालू वित्त वर्ष में बैंक को ₹4524 करोड़ की पूंजी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जो भारत सरकार के पक्ष में जारी अधिमानी आधार पर इक्विटी शेयरों के आबंटन के रूप में होगी.

**बी)** सम्पूर्ण अधिमानी निर्गम भारत सरकार द्वारा अभिदत्त किया जाएगा. निर्गम मूल्य का निर्धारण सेबी आईसीडीआर विनियमावली के विनियम 76(1) के अनुसार किया जाएगा. निर्गम मूल्य हेतु सुसंगत तिथि बुधवार, 14 फरवरी, 2018 को ध्यान में रखते हुए निर्गम मूल्य ₹ 144.62 (रुपये एक सौ चवालीस एवं पैसे बासठ मात्र) ₹ 134.62 (रुपये एक सौ चौतीस एवं पैसे बासठ मात्र प्रीमियम सहित) अंकित मूल्य ₹ 10.00 के प्रति इक्विटी शेयर हेतु निर्धारित किया गया है.

**सी)** **अधिमानी निर्गम से पूर्व एवं उपरांत शेयरधारिता का पैटर्न :**

| क्र. | श्रेणी | निर्गम से पहले | | निर्गम के उपरांत | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | धारित शेयरों की संख्या | शेयरधारिता का % | धारित शेयरों की संख्या | शेयरधारिता का % |
| 1 | भारत सरकार | 47,50,94,778 | 55.52 | 78,79,14,581 | 67.43 |
| 2 | अन्य (पब्लिक) | 38,06,58,800 | 44.48 | 38,06,58,800 | 32.57 |
| | **कुल** | **85,57,53,578** | **100.00** | **1,16,85,73,381** | **100.00** |

**डी)** बैंक का प्रयास इस निर्गम की प्रक्रिया को सेबी आईसीडीआर द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करने का है.

**ई)** चूंकि यह संपूर्ण अधिमानी निर्गम बैंक के बहुलांश शेयरधारक तथा प्रवर्तक भारत सरकार के लिए प्रस्तावित है, अतः नियंत्रण में कोई परिवर्तन नहीं होगा.

**एफ)** अधिमानी आधार पर ईक्विटी शेयरों के आबंटन से पूर्व एवं उपरांत भारत सरकार की शेयरधारिता निम्नवत होगीः

| विवरण | भारत सरकार | |
|---|---|---|
| | शेयरों की संख्या | पूंजी में % |
| निर्गम पूर्व | 47,50,94,778 | 55.52 |
| निर्गम उपरांत | 78,79,14,581 | 67.43 |

चूंकि भारत सरकार को आबंटित ईक्विटी शेयरों की संख्या वित्त वर्ष में 5% से अधिक हो रही है, भारत सरकार की ओर से बैंक द्वारा सेबी (शेयरों का पर्याप्त अर्जन व टेकओवर) विनियम 2011 के तहत छूट हेतु आवश्यक आवेदन किया जाएगा तथा अनुमति मिलने के बाद ही शेयरों का आबंटन किया जाएगा.

**जी)** बैंक के इक्विटी शेयर छः महीने से अधिक समय से सूचीबद्ध हैं तथा तदनुसार सेबी आईसीडीआर विनियमावली के विनियम 76(3) और 78(5) के प्रावधान तथा सेबी आईसीडीआर विनियमावली, 2009 के विनियम 73(1)(एफ) एवं (जी) के अधीन प्रकटन के प्रावधान लागू नहीं हैं.

**एच**) भारत सरकार को निर्गमित किए जाने वाले एवं आबंटित सभी शेयर ट्रेडिंग अनुमोदन की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए लॉक - इन होंगे.

**आई**) भारत सरकार को निर्गमित एवं आबंटित किए जाने वाले सभी शेयर सम्बद्ध तारीख से आरंभ होकर संबंन्धित स्टॉक एक्सेंज द्वारा दिए गए ट्रेडिंग अनुमोदन की तिथि से छह माह तक लॉक - इन होंगे.

**जे**) सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी प्रमाणपत्र, जो यह प्रमाणित करता है कि निर्गम इन विनियमों की अपेक्षाओं के अनुसार है, असाधारण सामान्य बैठक में रखा जाएगा.

**के**) भारत सरकार द्वारा धारित सभी शेयर डिमैट फार्म में हैं तथा बैंक सूचीबद्धता विनियम के प्रावधानों का अनुपालन कर रहा है.

**एल**) संबंधित तिथि से पूर्व के छः माह के दौरान भारत सरकार द्वारा बैंक का कोई इक्विटी शेयर नहीं बेचा गया है.

**एम**) बैंक द्वारा निष्पादित सूचीबद्ध करने संबंधी अन्य बातों के साथ - साथ यह भी प्रावधान है कि जब आगे शेयरों के आबंटन के द्वारा बैंक की निर्गमित पूंजी को बढ़ाने का प्रस्ताव किया जाएगा, तो ऐसे शेयरों के लिए सबसे पहले बैंक के विद्यमान शेयरधारकों को बैंक में उनकी शेयरधारिता के अनुपात में अभिदान के लिए प्रस्ताव किया जाएगा, जब तक कि वे सामान्य बैठक में विशेष संकल्प के माध्यम से इसके विपरीत निर्णय न लें. चूंकि बैंक के विद्यमान शेयरधारकों को आनुपातिक आधार के अतिरिक्त पूर्ण चुकता ईक्विटी शेयर आबंटित करने का प्रस्ताव है, अतः उक्त संकल्प पारित किया जाना आवश्यक है. साथ ही सेबी आईसीडीआर विनियमावली, 2009 के विनियम 72 के अंतर्गत भी यह आवश्यक है.

**एन**) बैंक द्वारा आवश्यक होने पर सेबी आईसीडीआर विनियमावली के अनुसार इक्विटी शेयरों के मूल्य की पुनर्गणना करने का भी संकल्प किया जाता है.

**ओ**) बैंक द्वारा यह भी संकल्प किया जाता है कि यदि पुनर्गणना के कारण देय मूल्य इन विनियमों के अंतर्गत निर्धारित समय में अदा नहीं किया जाता है तो, विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियां आबंटिती द्वारा रकम अदा किए जाने तक लॉक रहेंगी.

आपके निदेशक इस एजेंडा की नोटिस में उल्लिखित विशेष संकल्प को पारित करने की संस्तुति करते हैं.
इस बैठक के एजेंडा में बैंक के किसी निदेशक का कोई हित या संबंध नहीं है.

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार

स्थान : मुंबई
दिनांक : 14 फरवरी, 2018

(राजकिरण राय जी.)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

# NOTICE

NOTICE is hereby given that an **Extraordinary General Meeting** of the shareholders of Union Bank of India will be held on **Friday, March 16, 2018 at 11:00 AM at Y. B. Chavan Auditorium, General Jagannath Bhosale Marg, Opp. Mantralaya, Nariman Point, Mumbai, Maharashtra – 400 021** to transact the following business:

**Issue of Equity Shares on Preferential Basis to Government of India (GoI) upto ₹ 4,524 Crore.**

To consider and if thought fit, to pass with or without modification, the following Resolution(s) as Special Resolution(s):

"**RESOLVED THAT** pursuant to the provisions of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (the Act) and Union Bank of India (Shares and Meetings) Regulations, 1998 as amended from time to time (the Regulations) and subject to the approvals, consents, sanctions, if any, of Reserve Bank of India (RBI), Government of India (GoI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), and / or any other authority as may be required in this regard and subject to such terms, conditions and modifications thereto as may be prescribed by them in granting such approvals and which may be agreed to by the Board of Directors of the Bank and subject to SEBI (Issue of Capital & Disclosure Requirements) Regulations, 2009 (SEBI ICDR Regulations) and regulations prescribed by RBI and all other relevant authorities from time to time and subject to the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations), consent of the Shareholders of the Bank be and is hereby accorded to the Board of Directors of the Bank (hereinafter called "the Board" which shall be deemed to include a Committee which the Board may have constituted/may constitute, to exercise its powers including the powers conferred by this Resolution) to create, offer, issue and allot up to **31,28,19,803 (Thirty One Crore Twenty Eight Lakh Nineteen Thousand Eight Hundred and Three) equity shares of ₹10/- each (Rupees Ten only)** for cash at an Issue **Price of ₹ 144.62 (Rupees One Hundred Forty Four and Sixty Two Paisa Only) per share including premium of ₹ 134.62 (Rupees One Hundred Thirty Four and Sixty Two Paisa Only) per share** determined in accordance with Regulation 76(1) of SEBI ICDR Regulations and aggregating up to ₹**4,524 crore (Rupees Four Thousand Five Hundred and Twenty Four Crore Only)** to **Government of India** on Preferential Basis.

**RESOLVED FURTHER THAT** the **Relevant Date** for determination of the Preferential Issue Price, as per the SEBI ICDR Regulations for the determination of minimum price for the issue of the above mentioned equity shares shall be **Wednesday, February 14, 2018**.

**RESOLVED FURTHER THAT** the Board shall have authority and power to accept any modification in the proposal as may be required or imposed by the Government of India/ Reserve Bank of India/Securities and Exchange Board of India/Stock Exchanges where the shares of the Bank are listed or such other appropriate authorities at the time of according/granting their approvals, consents, permissions and sanctions to issue, allotment and listing thereof and as agreed to by the Board.

**RESOLVED FURTHER THAT** the said equity shares to be issued shall rank *pari passu* with the existing equity shares of the Bank and shall be entitled to dividend, if any, declared in accordance with the statutory guidelines that are in force at the time of such declaration.

**RESOLVED FURTHER THAT** for the purpose of giving effect to this Resolution, the Board be and is hereby authorised to do all such acts, deeds, matters and things as it may in its absolute discretion deem necessary, proper and desirable and to settle any question, difficulty or doubt that may arise in regard to the issue of the equity shares and further to do all such acts, deeds, matters and things, finalise and execute all documents and writings as may be necessary, desirable or expedient as it may in its absolute discretion deem fit, proper or desirable without being required to seek any further consent or approval of the shareholders or authorise to the end and intent that the shareholders shall be deemed to have given their approval thereto expressly by the authority of this resolution.

**RESOLVED FURTHER THAT** the Board be and is hereby authorised to delegate all or any of the powers herein conferred on it, to the Managing Director & Chief Executive Officer or any one of the Executive Directors or such other officer of the Bank as it may deem fit to give effect to the aforesaid Resolution."

By order of the Board of Directors

Place: Mumbai (Rajkiran Rai G.)
Date: February 14, 2018 Managing Director & CEO

**NOTES**:

1. **EXPLANATORY STATEMENT**

The Explanatory Statement setting out the material facts in respect of the business of the meeting is annexed hereto.

2. **APPOINTMENT OF PROXY**

A shareholder entitled to attend and vote at the meeting is entitled to appoint a proxy (other than an officer or an employee of the bank) to attend and vote instead of himself/herself and the proxy need not be a shareholder of the bank. As per Regulation 70(vi) of Union Bank of India (Shares and Meetings) Regulations 1998, the grantor of an instrument of proxy shall not be entitled to vote in person at the meeting to which such instrument relates. No instrument of Proxy shall be valid unless it is in Form "B" as annexed to this notice.

The Proxy, in order to be effective, must be received at Central Office of the Bank addressed to **Company Secretary, Investor Services Division, Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai – 400 021**, not less than **FOUR DAYS** before the date of meeting i.e. **on or before 5.00 PM** on **Friday, March 9, 2018** together with the Power of Attorney or other authority, if any, under which it is signed or a copy of that Power of Attorney or other authority certified as a true copy by a Notary Public or a Magistrate unless such Power of Attorney or other authority has been previously deposited and registered with the Bank.

3. **APPOINTMENT OF AUTHORISED REPRESENTATIVE**

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorized representative of a Company or any Body Corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Central Office of the Bank at the address given above, not less than **FOUR DAYS** before the date of meeting i.e. **on or before 5.00 PM** on **Friday, March 9, 2018.**

## 4. ATTENDANCE SLIP-CUM ENTRY PASS

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-Cum-Entry Pass is also dispatched along with this Notice. Shareholders / Proxy holders / Authorised Representatives are requested to fill in and affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue. Proxy / Authorised Representatives should state in their Attendance Slip-cum-Entry Pass as “Proxy” or “Authorised Representative” as the case may be.

## 5. CUT OFF DATE

Pursuant to Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended, Voting Rights of the shareholders shall be reckoned as on **Friday, March 9, 2018.**

## 6. E-VOTING

I. In compliance with provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended by the Companies (Management and Administration) Amendment Rules, 2015 and Regulation 44 of the Listing Regulations, the Bank is pleased to provide shareholders facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be considered at the Extraordinary General Meeting (EGM) by electronic means and the business may be transacted through e-Voting Services. The facility of casting the votes by the shareholders using an electronic voting system from a place other than venue of the EGM (“remote e-voting”) will be provided by National Securities Depository Limited (NSDL).

II. The facility for voting shall also be made available at the venue of the EGM and the shareholders attending the meeting who have not casted their votes by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through voting at the venue.

III. The shareholders who have casted their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend the EGM but shall not be entitled to cast their vote again.

IV. The remote e-voting period commences on **Tuesday, March 13, 2018 at 9:00 AM and ends on Thursday, March 15, 2018 at 5:00 PM.** During this period shareholders of the Bank, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the Cut-Off Date of **Friday, March 9, 2018** may cast their vote by remote e-voting. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. Once the shareholder casts his vote on a resolution, the shareholder shall not be allowed to change it subsequently.

V. **The process and manner for remote e-voting are as under:**

**Step 1 : Log-in to NSDL e-Voting system at https://www.evoting.nsdl.com/**

1. Visit the e-Voting website of NSDL. Open web browser by typing the following URL: https://www.evoting.nsdl.com/ either on a Personal Computer or on a mobile.

2. Once the home page of e-Voting system is launched, click on the icon “Login” which is available under ‘Shareholders’ section.

3. A new screen will open. You will have to enter your User ID, your Password and a Verification Code as shown on the screen.

   Alternatively, if you are registered for NSDL eservices i.e. IDEAS, you can log-in at https://eservices.nsdl.com/ with your existing IDEAS login. Once you log-in to NSDL eservices after using your log-in credentials, click on E-Voting and you can proceed to Step 2 i.e. Cast your vote electronically.

4. Your User ID details are given below :

| Manner of holding shares i.e. Demat or Physical | Your User ID is: |
|---|---|
| a) Shareholders holding shares in demat account with NSDL. | **8 Character DP ID followed by 8 Digit Client ID**<br>For example: if your DP ID is IN300*** and Client ID is 12****** then your user ID is IN300***12******. |
| b) Shareholders holding shares in demat account with CDSL. | **16 Digit Beneficiary ID**<br>For example: if your Beneficiary ID is 12************** then your user ID is 12************** |
| c) Shareholders holding shares in Physical Form (i.e. Share Certificate). | EVEN Number followed by Folio Number registered with the Bank<br>For example: if folio number is 001*** and EVEN is 108196 then user ID is 108196001*** |

5. Your password details are given below:

   a) If you are already registered for e-Voting, then you can use your existing password to login and cast your vote.

   b) If you are using NSDL e-Voting system for the first time, you will need to retrieve the 'initial password' which was communicated to you. Once you retrieve your 'initial password', you need enter the 'initial password' and the system will force you to change your password.

   c) How to retrieve your 'initial password'?

      (i) If your email ID is registered in your demat account or with the Bank, your 'initial password' is communicated to you on your email ID. Trace the email sent to you from NSDL from your mailbox. Open the email and open the attachment i.e. a ".pdf" file. Open the .pdf file. The password to open the .pdf file is your 8 digit client ID for NSDL account, last 8 digits of client ID for CDSL account or folio number for shares held in physical form. The .pdf file contains your 'User ID' and your 'initial password'.

      (ii) If your email ID is not registered, your 'initial password' is communicated to you on your postal address.

6. If you are unable to retrieve or have not received the " Initial password" or have forgotten your password:

   a) Click on "Forgot User Details/Password?"(If you are holding shares in your demat account with NSDL or CDSL) option available on www.evoting.nsdl.com.

   b) Physical User Reset Password?" (If you are holding shares in physical mode) option available on www.evoting.nsdl.com.

   c) If you are still unable to get the password by aforesaid two options, you can send a request at evoting@nsdl.co.in mentioning your demat account number/folio number, your PAN, your name and your registered address.

